छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

क्रमांक/ 534 /समन्वय/प्रेस विज्ञप्ति/2024 रायपुर, दिनांक 21/6/2024

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः– द्वितीय मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी/अवसर परीक्षा फार्म भरने बाबत्।

––00––

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत् विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में दो अवसर प्रदान किया जाना है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की इसी अनुशंसा के तहत् इस वर्ष द्वितीय मुख्य परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। इसमें वे समस्त विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जो प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हो। ऐसे समस्त विद्यार्थी जो पूरक श्रेणी है, अनुत्तीर्ण है अथवा उत्तीर्ण है, श्रेणी सुधार हेतु इस द्वितीय मुख्य परीक्षा में आवेदन कर सकते हैं। मण्डल की द्वितीय मुख्य परीक्षा हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य नियमित/अवसर के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिये दिनांक **सामान्य शुल्क** के साथ 21.06.2024 से 30.06.2024 तक तथा **विलम्ब शुल्क** के साथ दिनांक 01.07.2024 से 02.07.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है।

जो छात्र उक्त परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है वे निर्धारित तिथि तक नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से तथा अवसर परीक्षार्थी समन्वय संस्थाओं के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

परीक्षा एवं परीक्षा संबंधी निर्देश आदि की विस्तृत जानकारी मण्डल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है।

21/6/24
सचिव
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
रायपुर

आयुक्त जनसंपर्क

दैनिक समाचार पत्र

....रायपुर

कृपया प्रदेश स्तर पर बहुप्रकाशित समाचार पत्रों में उक्त समाचार छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

E:\2024\Press Vgypti 2024.doc